# भेड़ियों व जंगली जानवरों से यूपी में दहशत

## लखनऊ में योगी सरकार पर बरसे अखिलेश यादव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में जंगली जानवरों और भेड़ियों की समस्या जानलेवा बन चुकी है, लेकिन सरकार केवल ऊपरी दिखावे तक सीमित है। उन्होंने कहा कि बहराइच समेत कई जिलों में भेड़ियों और जंगली जानवरों का लोगों पर हमला लगातार जारी है,



जिससे किसानों और निर्दोष ग्रामीणों की मौतें हो रही हैं। सोमवार को बहराइच में भेड़िये ने एक किसान दंपत्ति पर हमला कर उन्हें मार डाला, जिसने ग्रामीणों में आक्रोश और भय की स्थिति पैदा कर दी है। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहराइच में भेड़ियों की समस्या का केवल हवाई सर्वेक्षण कर लिया लेकिन जमीनी हालात जस के तस बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि जितना खर्च भेड़िया पर्यटन पर किया गया है, अगर उतना जमीन पर वास्तविक समाधान पर खर्च होता तो न केवल भेड़िया पकड़ लिया जाता बल्कि ग्रामीणों का जीवन भी सुरक्षित होता। उन्होंने कहा कि सरकार की इस लापरवाही से जनता का आक्रोश और निराशा लगातार बढ़ रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि कहीं भेड़िया, कहीं तेंदुआ, कहीं अजगर और कहीं छुट्टा सांड, इन सबके चलते उत्तर प्रदेश में दहशत का माहौल बना हुआ है।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी लगातार इन मुद्दों को उठा रही है और पीड़ित गरीबों व किसानों की मदद कर रही है, लेकिन भाजपा सरकार को यह समस्या दिखाई ही नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि जंगली जानवरों की दहशत से किसान अपने खेतों में जाने से डरते हैं और खेती किसानी पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

अखिलेश ने कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा सरकार क्या हमेशा यही कहकर पल्ला झाड़ती रहेगी कि जानवर के पदचिह्न नहीं मिले? जिन किसानों और ग्रामीणों के घायल शरीर पर गहरे निशान हैं, क्या वे सबूत काफी नहीं हैं? जिनके बच्चों को जंगली जानवर उठा ले गए, उनके दर्दनाक जख्म सरकार को दिखाई क्यों नहीं देते? अखिलेश यादव ने कहा कि मानव-वन्य जीव संघर्ष के लिए भाजपा सरकार ही जिम्मेदार है। अवैध कटाई और जंगलों की बर्बादी सरकार की मिलीभगत से हो रही है। जब जानवरों के सामने भोजन और आश्रय का संकट आएगा तो वे हिंसक होकर इंसानी बस्तियों में घुसेंगे ही। ऐसे में जब लोग अपनी जान बचाने का प्रयास करेंगे तो टकराव बढ़ेगा और यह संघर्ष प्राणघातक साबित होगा। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार पूर्ण पतन की ओर बढ़ रही है।

# पश्चिमी यूपी में आज से होगी धान खरीद 23.5 हजार से अधिक किसानों ने कराया पंजीकरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** खरीफ विपणन वर्ष दो हजार पच्चीस-छब्बीस के अंतर्गत पहली अक्टूबर से पश्चिमी उत्तर प्रदेश तथा लखनऊ संभाग के हरदोई, लखीमपुर खीरी और सीतापुर जनपद में धान की खरीद प्रारंभ होगी। पहली नवम्बर से पूर्वी उत्तर प्रदेश के साथ लखनऊ, रायबरेली और उन्नाव जनपदों में खरीद की प्रक्रिया शुरू होगी।

मंगलवार सुबह ग्यारह बजे तक साढ़े तेइस हजार से अधिक किसानों ने पंजीकरण करा लिया था। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में यह खरीद इकतीस जनवरी तक चलेगी, जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश में यह अठाईस फरवरी दो हजार छब्बीस तक जारी रहेगी। सरकार ने इस वर्ष धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि की है। धान कॉमन का मूल्य तेइस सौ उनहत्तर रुपये और ग्रेड ए का मूल्य तेइस सौ उन्यासी रुपये प्रति कुंतल तय किया गया है। क्रय केंद्र सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक खुले रहेंगे और किसानों को भुगतान आधार लिंक्ड बैंक खातों में सीधे अड़तालीस घंटे के भीतर कराया जाएगा। धान विक्रय के लिए किसानों का पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। इसके लिए उन्हें खाद्य एवं रसद विभाग की



वेबसाइट या यूपी किसान मित्र मोबाइल ऐप पर ओटीपी आधारित सिंगल पंजीकरण कराना होगा। पंजीकृत किसानों से ही खरीद होगी। विभाग के अनुसार किसानों को किसी भी जानकारी या सहायता के लिए टोल फी नम्बर अठारह सौ अठारह सौ पंद्रह शून्य पर कॉल करने या जिला खाद्य विपणन अधिकारी, क्षत्रीय विपणन अधिकारी तथा ब्लॉक स्तर पर विपणन निरीक्षक से संपर्क करने की सुविधा उपलब्ध है। धान की खरीद में बिचौलियों को रोकने और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए ईपॉप मशीनों के माध्यम से किसानों के बायोमीट्रिक सत्यापन की अनिवार्यता जारी रहेगी।

# नाबालिग मूक बधिर बालिका के साथ दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** थाना पहाड़ी पुलिस ने नाबालिक मूक बधिर बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी कल्लू, पुत्र भोण्डा को गिरफ्तार किया है।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के निर्देशन में अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु की जा रही लगातार कार्यवाही के क्रम में की गई। अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट और क्षत्राधिकारी राजापुर के नेतृत्व में थानाध्यक्ष पहाड़ी अनुपमा तिवारी और उनकी टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम अशोह मोड़ से आरोपी कल्लू को गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार, 27 सितम्बर को आरोपी कल्लू ने नाबालिक मूक बधिर बालिका के साथ दुष्कर्म किया था।

इसके आधार पर मामला मु0अ0सं0 169/25 धारा 65(1)/127(2) बीएनएस व 5(एल)/6 पॉक्सो एक्ट के तहत पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष अनुपमा तिवारी के अलावा आरक्षी बहोरन सिंह और आरक्षी शुभम द्विवेदी शामिल रहे।

# उद्योग बंधुओं के साथ डीएम ने की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** जिला उद्योग बन्धु/सिंगल विण्डो/निवेश मित्र की बैठक जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में औद्योगिक आस्थानों के रख-रखाव, निवेश मित्र पोर्टल, निर्यात प्रोत्साहन योजना, ओडीओपी, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, जेम पोर्टल, क्लस्टर विकास योजना, एमओयू इत्यादि योजनाओं की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान सम्बन्धित विभागों को निर्देशित किया गया कि लक्ष्य परक योजनाओं में निर्धारित लक्ष्यों की शत प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित की जाये। निवेश मित्र पोर्टल पर




प्राप्त होने वाले आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं ससमय निस्तारण कराया जाए।

बैठक में औद्योगिक आस्थान सराय मल्हुई सीतापुर के उद्यमियों द्वारा आस्थान में जलभराव की समस्या के निराकरण कराये जाने का अनुरोध किया गया। उक्त समस्या के निराकरण हेतु जिलाधिकारी द्वारा लोक निर्माण निर्माण खण्ड सीतापुर एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सीतापुर को निर्देशित किया गया कि आस्थान के उद्यमियों के साथ नाले का स्थलीय सर्वे करते हुए बंद नाले को खुलवाते हुए समस्या का समाधान करायें। बैठक में प्रमुख रूप से नगर मजिस्ट्रेट ख्रष्णानंद तिवारी, उपायुक्त उद्योग संजय सिंह, नेहा सिंह उद्यमी मित्र सीतापुर, विजय बंसल, अध्यक्ष, औद्योगिक आस्थान विद्गसहद्गसमिद्ग सरांय मल्हुई सीतापुर, विवेक अग्रवाल, सदस्य आईआईए सीतापुर, सहित अनेक उद्यमीगण/व्यापारीगण उपस्थित रहे।

# एन्टी करप्शन टीम ने घूस लेते दरोगा को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** सिधौली कोतवाली क्षत्रा के ग्राम हरदोइया निवासी पंकज कुमार का कहना है कि उसने मौईजुद्दीन से बाग लेने के लिए रुपये दिए थे,

लेकिन मौईजुद्दीन ने वह बाग किसी और को दे दिया। इस पर पीड़ित ने शिकायत आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से दर्ज कराई। आरोप है कि चौड़ियां चौकी इंचार्ज अरुण कुमार शर्मा ने शिकायत को संज्ञान में लेने के बजाय समय लेकर उल्टा पंकज के खिलाफ ही मुकदमा दर्ज कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि मुकदमा खत्म कराने के नाम पर दरोगा ने उससे दस हजार रुपये की मांग की। मजबूर होकर पंकज ने इसकी शिकायत भ्रष्टाचार निवारण टीम से कर दी। टीम ने पंकज को पैसे देने की योजना के तहत भेजा। जैसे ही पंकज दरोगा को रुपये सौंपने पहुंचा, दरोगा ने चौकी के गेट पर ही तख्त पर बैठकर रकम गिननी शुरू कर दी। इसी बीच पहले से मौजूद एंटी करप्शन टीम ने उसे धर दबोचा।

# मुख्य सचिव की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की शीर्ष समिति की बैठक

### योजनाओं की प्रगति पर हुई चर्चा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्य सचिव एस.पी. गोयल की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजना के अंतर्गत गठित उत्तर प्रदेश स्टेट सैनिटेशन मिशन की शीर्ष समिति की बैठक आज संपन्न हुई।

बैठक में स्वच्छता से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई और आगामी कार्ययोजना तय की गई। मुख्य सचिव ने प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट इकाइयों तथा फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए स्थल चयन कार्य को प्राथमिकता पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने एस.एन.ए. स्पर्श सेल को सुदृढ़ बनाने हेतु अतिरिक्त मैनपावर नियुक्त किए जाने की सहमति भी दी। प्रमुख सचिव पंचायती राज अनिल कुमार ने जानकारी दी कि शहरी क्षत्राों में एफ.एस.टी.पी. से संबंधित तकनीकी कार्य जल निगम द्वारा संपादित किए जाएंगे। समिति ने तकनीकी एजेंसी को स्थापना के लिए डिजाइन और अनुमान तैयार करने का दायित्व सौंपा। मिशन निदेशक अमित कुमार सिंह ने बैठक को बताया कि व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लक्ष्य के सापेक्ष अब तक चौवन लाख से अधिक शौचालयों का निर्माण पूरा कर जियो-टैग किया गया है। प्रदेश के तिरानबे हजार छह सौ सत्तानवे ग्रामों को ओडीएफ प्लस मॉडल ग्राम घोषित किया जा चुका है, जिनमें से इक्यासी हजार नौ सौ छत्तीस ग्रामों का प्रथम स्तरीय सत्यापन हो चुका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक सौ पंद्रह गोबरधन परियोजनाओं के तहत बायोगैस प्लांट स्थापित किए गए हैं। हापुड़ और अमरोहा में एक-एक फीकल स्लज मैनेजमेंट प्लांट का निर्माण पूर्ण कर संचालन शुरू कर दिया।

# मिशन शक्ति के तहत स्कूली बच्चों के संग पुलिस ने किया कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** मिशन शक्ति अभियान के तहत हरगांव क्षत्रा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र और छात्राओं ने भाग लिया।

प्रमुख रूप से छात्राओं ने आत्मरक्षा का प्रदर्शन करने वाले विभिन्न कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। एंटी रोमियों सेल प्रभारी पूजा कटियार ने सोशल मीडिया से होने वाले नुकसान व महिला संबंधी अन्य अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने किसी भी जटिल परिस्थिति में पुलिस को 112 पर सूचित करने को कहा। आग लग जाने जैसी स्थिति में 101पर तुरंत काल करने की सलाह दी। जिससे



आपकी सुरक्षा के लिए पुलिस तुरंत पहुँच सके। साइबर सेल की टीम के साथ पहुँचे प्रभारी अजय रावत ने छात्राओं से अपने अपने मोबाइल में ए पी के फाइल कभी ना डाउनलोड करने, ओ टी पी एवं अन्य डाटा किसी को ना बताने और ऑनलाइन ठगी या अन्य किसी तरह का इंटरनेट अपराध होने पर 1930पर फोन मिला कर त्वरित सहायता लेने को कहा। उन्होंने साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर क्षत्राधिकारी नेहा त्रिपाठी द्वारा रैना मिश्रा लप्रसिपल कंपोजिट विद्यालय खमौना,के शिक्षा के लिए किए गए सफल प्रयासों की सराहना भी की।

उन्होंने रैना मिश्रा और दीपशिखा गुप्ता पूर्व प्रवक्ता मनोविज्ञान बिरला इंटर कॉलेज को उनके स्वावलंबी व समाज के प्रति किए गए कार्यों के लिए सम्मानित भी किया । सीओ सदर ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा की मिशन शक्ति के तहत जो बातें आपको बताई गई हैं उनका प्रचार प्रसार भी करें घर में भी बताएं खुद जागरूक रहे व लोगों को जागरूक करें परिस्थितियों में ख्रढ रहें विचलित ना हों।

1090पर निर्भीक होकर काल करें, अपराध की किसी भी स्थिति से पुलिस को अवगत कराएं। गुड टच और बैड टच के बारे में सभी लोग जाने और दूसरों को जागरूक करें, इस तरह की गतिविधि में ज्यादातर नजदीकी रिश्तेदार दोषी होते हैं। उन्होंने सभी को यह भी बताया कि पुलिस डिजिटल अरेलस्टग कभी नहीं करती है। अपराधियों को घर से पकड़ कर लाती है। ये बातें उन्होंने परिजनों से भी शेयर करने को कहा।अठारह साल से कम उम्र के छात्र छात्राओं को बाइक, स्कूटी आदि न चलाने को कहा।

### मादक पदार्थों को किया गया नष्ट

**सीतापुर।** जिले के विभिन्न थानों पर अवैध मादक पदार्थो से सम्बन्धित पंजीकृत अभियोगों के माल निस्तारण हेतु। न्यायालय द्वारा निर्गत आदेश के अनुपालन में मंगलवार को कार्रवाई की गई। गठित जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेंटी (डीडीसी) द्वारा मादक पदार्थों, स्वापक औषधियों, मनुप्रभावी पदार्थों और नियंत्रित पदार्थों के निस्तारण की कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी एवं जनपदीय डीसीआरबी शाखा द्वारा जनपद के 4 थानों पर अवैध मादक पदार्थों से सम्बन्धित पंजीख्रत कुल 13 अभियोगों से सम्बन्धित कुल-66.706 कि0ग्रा (अवैध गांजा, पोस्ता चूर्ण एवं स्मैक) को नष्ट किया गया।

# घाट का डीएम ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने सीतापुर नगर क्षत्रा के गोपालघाट में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन हेतु निर्धारित स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। इस दौरान आवश्यक निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए।

उन्होंने कहा कि मानकों के अनुरूप समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाये। संपर्क मार्ग, प्रकाश, संकेतक सहित अन्य सुरक्षा सम्बन्धी प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश भी जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने दिए। जिलाधिकारी ने संपर्क मार्गों के दुरुस्तीकरण हेतु भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि आपातकालीन स्थिति हेतु गोताखोरों का पर्याप्त प्रबंध किया जाये एवं नावों का भी समुचित



प्रबंध किया जाये। स्वच्छता हेतु भी समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। घ्निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी सदर धामनी एम दास सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### चोरी के माल के साथ गिरफ्तार

**सीतापुर।** तालगांव थाना पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर क्षत्रा में छापेमारी की। वहां पर पुलिस ने तालगांव थाना क्षत्रा के ग्राम पखनियापुर निवासी मनोज पुत्र सियाराम को गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है वह थाने का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है। पुलिस ने उसके पास से कुल 1,975 रुपये नगद, 2 जोड़ी पायल, 4 जोड़ी बिछिया बरामद की है। इसके अलावा पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा मय कारतूस के बरामद किया है। पुलिस का कहना है कि करीब 15 दिन पहले ग्राम धर्मपुर में मस्जिद के पास बने घर से उसने अपने साथी के साथ मिलकर कुछ जेवरात, तेल व चावल कुछ नगदी रुपये चोरी किए थे। कुछ पैसे खर्च हो गए। और बाकी के पैसे उसके पास से बरामद हुए हैं।

# उप्र सेवा के विभिन्न विभागों के कई अधिकारियों ने सेवानिवृत्ति ग्रहण की

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में आज सेवा के विभिन्न विभागों से जुड़े कई वरिष्ठ अधिकारियों ने अपना सेवाकाल पूरा कर सेवानिवृत्ति ग्रहण की। सेवानिवृत्त होने वालों में प्रशासनिक सेवा, पुलिस सेवा और प्रांतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी शामिल हैं।

प्रांतीय प्रशासनिक सेवा से अरुण मणि तिवारी, जो अयोध्या में अपर जिलाधिकारी (ला एंड ऑर्डर) के पद पर कार्यरत रहे, आज सेवानिवृत्त हुए। इसी तरह मुरादाबाद में अतिरिक्त आयुक्त के पद पर कार्यरत सर्वेश कुमार गुप्ता ने भी आज सेवानिवृत्ति ग्रहण की। पुलिस सेवा से पंकज कुमार पांडेय, जो पीएसी मुख्यालय में पुलिस अधीक्षक के पद पर कार्यरत रहे, कुलदीप नारायण, जो विशेष कार्यबल में उप महानिरीक्षक थे, तथा कमल प्रसाद यादव, जो एसीओ में उप महानिरीक्षक रहे, ने भी सेवानिवृत्ति ली।

इनके अलावा पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी जी.के. गोस्वामी, जो उन्नीस सौ सत्तानवे बैच के अधिकारी रहे और एडीजी यूपी एसआईएफएस के पद पर कार्यरत थे, ने भी आज सेवा से विदाई ली। भारतीय प्रशासनिक सेवा से डॉक्टर सुधीर महादेव बोबड़े, जो अतिरिक्त मुख्य सचिव के रूप में राजभवन से संबद्ध थे, आज सेवानिवृत्त हुए। राकेश कुमार सिंह, जो यमुना प्राधिकरण और जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अढे के मुख्य कार्यपालक अधिकारी के रूप में कार्यरत थे, ने भी आज अपने सेवाकाल का समापन किया। इनके अलावा तकनीकी शिक्षा विभाग से जुड़े अविनाश ख्रष्ण सिंह, जो महानिदेशक और सचिव तकनीकी शिक्षा के पद पर कार्यरत थे, तथा ब्रजेश नारायण सिंह, जो सचिवालय प्रशासन विभाग में सचिव के पद पर रहे, ने भी आज सेवानिवृत्ति ग्रहण की। सेवानिवृत्त होने वाले इन अधिकारियों के स्थान पर नए दायित्वभारियों की घोषणा अभी नहीं की गई है, जिसे शासन स्तर से शीघ्र ही तय किए जाने की संभावना है।

# शिक्षक की अभद्र टिप्पणी पर भड़के अभिभावक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** थाना हरगांव क्षत्रा के ग्राम पंचायत पैतला के मजरा रानीफार्म में श्री बाला जी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के नाम से एक विद्यालय संचालित है। जबकि पुलिस की तहरीर के अनुसार सोमवार 29/09/25 को विद्यालय की कक्षा 10 में छात्रों को पढाते समय ग्राम पैतला निवासी शिक्षक अमरीश कुमार पुत्र रामपाल के व्दारा सनातन धर्म व हिन्दू देवी देवताओं के बारे में अभद्र भाषा को बोलकर अपमानित किया गया था।कक्षा के तीन बच्चों ने यह बात घर पहुंच कर अपने अपने अभिभावकों को बताया।

दूसरे दिन विद्यालय खुलने पर अभिभावकगण भारी जनसमर्थन के साथ विद्यालय पहुंचकर विद्यालय प्रबंधक हरिनाम वर्मा से मिलकर शिक्षक के दूषित ख्रत्यों की सूचना देते हुए हरगांव पुलिस को भी सूचना दी।

सूत्रों के अनुसार शिक्षक ने कक्षा में भगवान शिव को शराबी व अय्यास बताते हुए सनातन धर्म का अपमान किया था। उक्त विद्यालय कांड का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो जाने से तत्काल हरकत में आया शासन प्रशासन ने तुरंत क्षत्राधिकारी सदर नेहा त्रिपाठी को मौके पर भेजा। क्षत्राधिकारी सदर ने तत्काल थाने पर पहुंच कर हिरासत में लिए गए शिक्षक अमरीश कुमार से पूछताछ की । वहीं मौके पर मौजूद ग्रामीणों को भी समझाकर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। तहरीर पर विद्यालय प्रबंधक हरिनाम वर्मा के साथ प्रमुख रूप से उत्तम कुमार तिवारी,आशीष पांडे,अनिल शर्मा, रवि कुमार पांडे,अनुराग वर्मा,सुधीर पांडे, दीन दयाल,मनोज कुमार, अनिकेत पांडे, जितेंद्र सिंह, ज्ञान प्रकाश, दीपू, पंकज, अतुल तिवारी, संदीप तिवारी,अशोक कुमार आदि ग्रामवासियों के हस्ताक्षर हैं।

### तीन आईएएस अफसरों का प्रमोशन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक सेवा में बड़ा फैसला लिया है। राज्य के तीन वरिष्ठ आईएएस अफसरों को प्रोन्नति देकर अपर मुख्य सचिव पद पर पदोन्नत किया गया है। अब तक ये तीनों अधिकारी प्रमुख सचिव पद पर कार्यरत थे। मिली जानकारी के अनुसार उन्नीस सौ चौरानवे बैच के इन अधिकारियों में स्वास्थ्य, परिवार कल्याण और चिकित्सा शिक्षा विभाग संभाल रहे अमित कुमार घोष, महिला एवं बाल विकास तथा राष्ट्रीय पोषण मिशन की महानिदेशक लीना जौहरी और बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव पार्थसारथी सेन शर्मा शामिल हैं।

# पांच लाख बेटियों का पूजन, नवरात्र में सजी 'मिशन शक्ति' की आस्था व बदलाव की ज्योति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** नवरात्रि की अष्टमी तिथि पर उत्तर प्रदेश ने एक अलग ही ख्रश्य देखा, जब पूरे प्रदेश में पांच लाख से अधिक बेटियों का सम्मानपूर्वक पूजन हुआ। यह सिर्फ धाल्रमक अनुष्ठान नहीं था, बल्कि समाज में कन्या जन्म को उत्सव की तरह स्थापित करने वाली नई सामाजिक क्रांति का प्रतीक बन गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में चल रहे मिशन शक्ति 5.0 ने नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन की दिशा में एक नया अध्याय लिख दिया है।

कन्या पूजन समारोहों में बेटियों को शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य के महत्व से जोड़ा गया। साथ ही पंद्रह सौ से अधिक बालिकाओं को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से जोड़ा गया, जो जन्म से उच्च शिक्षा तक उन्हें पच्चीस हजार रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराती है। विभिन्न जिलों में आयोजित इन कार्यक्रमों में महिला कल्याण मंत्री बेबी रानी मोर्य, राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला, प्रभारी मंत्री, जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति ने आयोजन को और प्रभावी बना दिया।

अभियान के दौरान सांस्ख्रतिक प्रस्तुतियों, लोकगीतों और संवाद सत्रों ने यह संदेश दिया कि बेटियां बोझ नहीं, बल्कि समाज और परिवार की आधारशिला हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रमुख सचिव लीना जौहरी ने कहा कि कन्या पूजन केवल परंपरा नहीं, बल्कि संदेश है कि बेटियां हमारी शक्ति और भविष्य की धरोहर हैं। वहीं महिला कल्याण निदेशक संदीप कौर ने माना कि यह समारोह कन्याओं के प्रति सकारात्मक सोच का विस्तार करेगा और पूरे प्रदेश में आत्मविश्वास व स्वावलंबन की ज्योति जलाएगा। नवरात्र के इस अवसर पर मिशन शक्ति ने आस्था और सामाजिक बदलाव को एक सूत्र में पिरो दिया है। यह पूजन केवल श्रद्धा का नहीं, बल्कि नई पीढ़ी की बेटियों के सपनों और संभावनाओं को शक्ति देने का संकल्प भी है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# जातीय सम्मेलनों के जरिये उप्र में अपनी जमीन मजबूत करेगी कांग्रेस



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने अपनी तैयारियों को अमली जामा पहनाने की क़वायद शुरू कर दी है।

पार्टी की उत्तर प्रदेश इकाई ने विभिन्न जातियों में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए अलग अलग लगभग 15 सम्मेलन आयोजित करने की योजना बनाई है। पार्टी महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने बताया कि, अक्टूबर के मध्य से पार्टी इकाई 13. 15 सम्मेलन आयोजित करेगी, जिनमें से प्रत्येक मौर्य, कुशवाहा, पासी, निषाद, लोधी और पटेल जैसे विशिष्ट जाति समूहों को जोड़ने का काम करेगा। कांग्रेस के एक अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी ने यूनिवर्ता को बताया कि निश्चित रूप से, सबसे बड़े चुनावी राज्य में कांग्रेस को पुर्नजीवित करना उतना आसान नहीं है। मंडल आयोग के बाद के दौर में, कांग्रेस का पारंपरिक वोट आधार समाजवादी पार्टी, मायावती की बसपा और भाजपा की तरफ शिफ्ट हो गया है। उन्होने कहा कि दिसम्बर 1989 के बाद से पार्टी का उत्तर प्रदेश में कोई मुख्यमंत्री नहीं रहा है। हालाकि बिहार के में पार्टी सत्तारूढ़ गठबंधन की पार्टी बनी रही है लेकिन उसका खास फायदा नहीं हुआ। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस पिछले 36 वर्षों से पूरी तरह से सत्ता से बाहर है। कांग्रेस नेता भी मानते हैं कि सत्ता से लंबे समय तक दूर रहने का असर उसके संगठन और संसाधनों पर पड़ा है। पदाधिकारी ने कहा कि पार्टी साप्ताहिक बाजारों या स्थानीय मेलों में जाकर और स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों से मिलकर संगठन को मजबूत कर रही है। अविनाश पांडे ने कहा कि वर्तमान में चल रहे संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत राज्य स्तर से लेकर मतदान केंद्र स्तर तक, राज्य में पांच-स्तरीय पार्टी संगठन स्थापित करने का लक्ष्य है। हमारा लक्ष्य 1.62 लाख बूथों और 19.78 लाख पदाधिकारियों तक संगठन पहुंचाना है। कांग्रेस के पदाधिकारी ने कहा कि कांग्रेस के रिवाइवल की पहली परीक्षा शिक्षकों और स्नातकों के लिए निर्धारित 11 विधान परिषद सीटों के लिए चुनाव होंगे। इससे भी बड़ी परीक्षा 2026 में होने वाले पंचायत चुनाव होंगे।

## बाइक हटाने के विवाद में चाकुओं से गोदा

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के देहात कोतवाली इलाके में स्थित सरस्वती नगर में मामूली विवाद में दबंग ने एक युवक पर चाकुओं से हमला कर दिया। घायल युवक को इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया जहां पर हालत गंभीर देख उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया है। पुलिस उपाधीक्षक नगर पहुंप सिंह ने बताया कि नई बस्ती सरस्वती नगर के रहने वाले कृष्ण कुमार द्विवेदी सोमवार की देर रात इलाके में स्थित दुर्गा पंडाल में हो रहे जागरण को सुनने के लिए गए थे । तभी इसी इलाके का रहने वाला हर्षित श्रीवास्तव नाम ने उनके सामने अपनी बाइक खड़ी कर दी । जब उन्होंने उसे हटाने को कहा था , तो नाराज युवक ने उनपर चाकुओं से ताबड़तोड़ वार कर मौके से फरार हो गया।इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# लखनऊ नगर निगम व रसूलाबाद नगर पंचायत के बीच एमओयू




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** स्वच्छ भारत मिशन को नई गति देने और छोटे नगर निकायों को सशक्त बनाने के लिए 'स्वच्छ शहर जोड़ी पहल' के तहत मंगलवार को लखनऊ नगर निगम और नगर पंचायत रसूलाबाद के बीच एक महत्वपूर्ण एमओयू साइन किया गया। इस साझेदारी से रसूलाबाद की स्वच्छता व्यवस्था को नई दिशा मिलेगी। कार्यक्रम में लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल, नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त डा. अरविंद कुमार राव, मंडल कार्यक्रम प्रबंधक प्रियंका यादव सहित नगर निगम के अधिकारी मौजूद रहे।

वहीं रसूलाबाद से सफीपुर विधायक बंबा लाल दिवाकर, चेयरमैन गजाला अंसारी, एडीएम उन्नाव अमिताभ यादव, अधिशासी अधिकारी मुकेश मिश्रा और नगर पंचायत के पार्षदगण विशेष रूप से शामिल हुए। एमओयू के तहत लखनऊ नगर निगम, रसूलाबाद को डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, सड़क सफाई, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, सीवर व्यवस्था और पेयजल प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में सहयोग देगा। इसके साथ ही स्थानीय कर्मचारियों व अधिकारियों को प्रशिक्षण और तकनीकी मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा। खर्कवाल ने कहा कि यह साझेदारी एक मिशन की तरह है। रसूलाबाद को हमारी ओर से हर संभव सहयोग मिलेगा ताकि उसकी स्वच्छता रैंकिंग में सुधार हो सके। स्वच्छ शहर जोड़ी पहल का मकसद बड़े शहरों के अनुभव और संसाधनों को छोटे शहरों तक पहुंचाना है।

# कानपुर समेत उप्र के कई जिलों में बारिश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ/कानपुर।** कानपुर समेत उत्तर प्रदेश के कई जिलों में मंगलवार को गरज चमक के साथ हुई बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली और मौसम सुहावना हो गया।

कानपुर में सुबह करीब 11 बजे आसमान में बादलों ने डेरा जमाया और देखते ही देखते दृश्यता का स्तर काफी कम हो गया।

इस बीच तेज गड़गड़ाहट के साथ बिजली चमकने लगी और तेज बारिश हुई। बारिश से हालांकि जलभराव जैसी कोई समस्या सामने नहीं आयी मगर उमस कम होने से लोगों ने राहत की सांस ली। बारिश के कारण यहां होने वाला भारत ए और आस्ट्रेलिया ए के बीच एक दिवसीय मैच में बाधा उत्पन्न हुई। मौसम विभाग ने पहले ही बारिश की भविष्यवाणी कर दी थी। शारदीय नवरात्र की अष्टमी तिथि को हुई इस वर्षा को मानसून की विदाई का संकेत माना जा रहा है। वर्षा के कारण दुर्गा पूजा पांडालों में श्रद्धालुओं की संख्या में मामूली कमी दर्ज की गई हालांकि ज्यादातर स्थानों पर रेन प्रूफ पांडाल के कारण माता की आराधना मे कोई विघ्न बाधा उत्पन्न नहीं हुई। मौसम विज्ञान विभाग की तरफ से जारी अलर्ट के अनुसार रायबरेली, कानपुर नगर, इटावा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, हाथरस, कासगंज, कानपुर देहात, उन्नाव, औरैया, लखनऊ, फतेहपुर, शाहजहांपुर, अलीगढ़, बदायूं, बुलंदशहर सहित आसपास के जिलों में 30.40 किमी/घंटा की रफ्तार से हवाएं चलने और मध्यम से तेज बारिश और गरज-चमक की संभावना जताई गई है। वहीं प्रयागराज, जौनपुर, प्रतापगढ़, चित्रकूट, बांदा, कौशांबी, हमीरपुर, फतेहपुर, जालौन, अमेठी, कानपुर नगर, बाराबंकी, हरदोई, फर्रुखाबाद, बहराइच, सीतापुर, गोंडा, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बरेली, बदायूं, पीलीभीत, बिजनौर, गाजियाबाद, मेरठ, मुरादाबाद, सहारनपुर, शामली, हापुड़, अमरोहा समेत आसपास के जिलों में हल्की से मध्यम बारिश और गरज-चमक की संभावना है। मौसम विभाग ने लोगों को सलाह दी है कि वे खराब मौसम के दौरान खुले में न निकलें और सुरक्षित स्थानों पर रहें।

# मार्शल आर्ट से बेटियों को आत्मरक्षा का पाठ पढ़ा रही है महिला खिलाड़ी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मार्शल आर्ट्स में पारंगत वाराणसी की ज्योति सिंह बेटियों को आत्मरक्षा की इस कला में प्रशिक्षित कर उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति 5.0 अभियान को नई ऊर्जा दे रहीं हैं। महिलाओं की गरिमा को सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 20 सितम्बर को मिशन शक्ति 5.0 की शुरुआत की थी।

महिला सुरक्षा की दिशा में ज्योति सिंह के कार्य और उपलब्धियां नारी शक्ति की उस ताकत की गवाही है, जो सुरक्षा से लेकर स्वावलंबन तक का सफर तय करती है। मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला कल्याण एवं बाल विकास विभाग से जुड़कर ज्योति सिंह आज एक समर्पित मार्शल आर्ट्स प्रशिक्षक और समा. जसेवी के रूप में जानी जाती हैं। वर्ष 2012 में झांसी में ब्लैक बेल्ट प्राप्त करने के बाद उन्होंने लड़िकयों को सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण देना शुरू किया, लेकिन उन्हें 2020 में शुरु हुए मिशन शक्ति के पहले फेस में ब्रेक मिला। आज वे थर्ड डिग्री ब्लैक बेल्ट धारक हैं और अपनी संस्था 'मानव एकडमी ऑफ मार्शल आर्ट' के जरिए लाखों बच्चों व महिलाओं को आत्मविश्वासी बनाने का कार्य कर रही हैं। मिशन शक्ति 5.0 के उद्देश्यों यानि नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को ज्योति ने अपनी जिंदगी का मूलमंत्र बना लिया है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मिशन शक्ति अभियान ने यूपी की महिलाओं और बालिकाओं में नया आत्मविश्वास जगाया है। आज वे अपने अधिकारों को समझ रही हैं और खुद की सुरक्षा के लिए सक्रिय हो रही हैं। सेल्फ डिफेंस अब उनके लिए सिर्फ एक कला नहीं, बल्कि जीवन की कुंजी बन गई है। खेल जगत में ज्योति की उपलब्धियां असाधारण हैं, जो मिशन शक्ति के स्वावलंबन को और मजबूती प्रदान कर रही है। वे नेशनल लेवल पर लगातार चार वर्षों 24वीं, 25वीं, 26वीं और 27वीं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में विजेता रहीं। 2018 और 2019 में ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में दो स्वर्ण पदक जीतकर उन्होंने विश्वविद्यालय स्तर पर अपनी धाक जमाई। 2020 से 2024 तक मानव वंदनसेवी ऑफ मार्शल आर्ट्स द्वारा उन्हें बेस्ट कोच चुना गया, जबकि 2023 में भारतीय कराटे संघ ने उन्हें मान्यता प्राप्त कोच के रूप में सम्मानित किया। वर्ष 2025 में भारतीय कराटे संघ से थर्ड डैन ब्लैक बेल्ट की उपाधि प्राप्त कर ज्योति ने एक नया मुकाम हासिल किया।

ये उपलब्धियां न केवल व्यक्तिगत सफलता हैं, बल्कि मिशन शक्ति 5.0 के तहत बालिक. ाओं को खेलों में बढ़ावा देने वाले प्रयासों का हिस्सा हैं, जहां 1.5 लाख से अधिक लड़कियां विधानसभा स्तर पर स्पोर्ट्स कॉम्पिटिशन में भाग ले रही हैं। महिलाओं की सुरक्षा में योगदान देने के लिए समय-समय पर ज्योति को विभिन्न स्तरों पर योगी सरकार द्वारा सम्मानित भी किया गया है। 2019 में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंद. ीबेन पटेल ने उन्हें सम्मानित किया, जबकि उसी वर्ष मानव वंदनसेवी ऑफ मार्शल आर्ट्स ने बेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर का खिताब दिया। 2024 में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ ने प्रशस्ति पत्र देकर उनका सम्मान किया। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने उन्हें सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण के लिए विशेष सम्मान प्रदान किया। 2025 में जिला प्रशासन झांसी ने खेल और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में योगदान के लिए उन्हें एक दिन के लिए अधिकारी नियुक्त कर विशेष सम्मान दिया। ये सम्मान मिशन शक्ति के सम्मान के पहलू को दर्शाते हैं, जहां महिलाओं की गरिमा को बढ़ावा दिया जा रहा है।

## वाराणसी में तालाब में डूबने से व्यक्ति की मौत

**वाराणसी।** वाराणसी के चितईपुर क्षेत्र में मंगलवार को कंदवा तालाब में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान हौसला पटेल (55) निवासी ग्राम घमहापुर थाना मंडुआडीह के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, हौसला पटेल मंगलवार तड़के घर से निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। ग्रामीणों ने खोजबीन की तो पता चला कि वे गांव के तालाब में डूब गए। मृतक की पत्नी मीरा देवी ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मृतक के परिवार में पांच बेटियां और एक बेटा है। बेटा किशन पटेल (16) और बेटी रेखा पटेल (24) अविवाहित हैं।

# चौकियां धाम में अष्टमी को महागौरी के रूप में पूजी गई मातृ भवानी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के लाइन बाजार क्षेत्र में स्थित ऐतिहासिक मां शीतला चौकिया धाम में शारदीय नवरात्रि के अष्टमी तिथि पर मंगलवार को माता रानी का दर्शन पूजन महागौरी के स्वरूप में भक्तों ने किया।

देवी भागवत पुराण के अनुसार देवी पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की थी जिसके बाद उन्हें महागौरी के रूप में जाना जाता है। मां महागौरी का प्रिय पुष्प रात की रानी है। इनका राहु ग्रह पर आधिपत्य है। यही कारण है कि राहु दोष से मुक्ति पाने के लिए मां महागौरी की पूजा की जाती है। धार्मिक मान्यता है कि मां महागौरी का राहू पर नियंत्रण है। राहु, दोष से निवारण के लिए इनकी पूजा आवश्यक है। महागौरी की आराधना से असंभव कार्य भी संभव हो जाते हैं। मां दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी को मोगरे का फूल भी अतिप्रिय है। इस दिन मां के चरणों में मोगरे के फूल अर्पित करना शुभ माना गया है। साथ ही मां को नारियल की वर्षो व लड्डू अवश्य चढ़ाएं, क्योंकि मां का प्रिय भोग नारियल माना गया है। अष्टमी में देवी महागौरी माता स्वरूप में मां शीतला माता रानी जी का भक्तों ने दर्शन पूजन किया। प्रातकाल 4 बजे मन्दिर के कपाट खुलने के पक्षात माता रानी का भव्य श्रृंगार करके मन्दिर पुजारी जय नारायण ने आरती पूजन किया। मन्दिर खुलने के पहले ब्रम्ह मुहुर्त से ही माता रानी के दर्शन के लिये भक्तों की लम्बी कतार लगी रही। वहीं दर्शनपूजन करने के पश्चात दर्शनार्थी पवित्र कुंड के बगल में स्थित कालभैरव नाथ मन्दिर व मां काली मंदिर में भी दर्शन पूजन किये गए। सुरक्षा की दृष्टि से मन्दिर परिसर क्षेत्र में चौकियां धाम पुलिस चौकी प्रभारी ईश चन्द्र यादव सहयोगी पुलिस व पीएसी दल के साथ मौजूद रहे।

# इनक्यूबेशन व इनोवेशन सेंटर ने 500 से अधिक स्टार्टअप्स को दी नई उड़ान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**कानपुर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर के स्टार्टअप इनक्यूबेशन और इनोवेशन सेंटर (एसआईआईसी) ने 500 से अधिक स्टार्टअप्स को इनक्यूबेट करके देश में आईआईटी द्वारा संचा. लित पहले इनक्यूबेटरों में से एक बनने का गौरव प्राप्त किया है। वर्ष 2000 में सिडबी के सहयोग से स्थापित, एसआईआईसी आज देश के सबसे प्रभावशाली और लंबे समय तक चलने वाले टेक्नोलॉजी बिजनेस इनक्यूबेटरों में से एक है, जो नवाचार, उद्यमिता और बाजार के लिए तैयार समाधानों को बढ़ावा देता है, जो उद्योगों और समुदायों को बदल रहे हैं। इस उपलब्धि का जश्न फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड रिसर्च इन साइंस एंड टेक्नोलॉजी (फर्स्ट), आईआईटी कानपुर के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की मौजूदगी में मनाया गया।

इसमें आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो- मणीन्द्र अग्रवाल, उप निदेशक प्रो- ब्रज भूषण, प्रो- तरुण गुप्ता, डीन (रिसर्च एंड डेवलपमेंट), प्रो-दीपू फिलिप, प्रोफेसर-इन-चार्ज, एसआईआईसी, श्रीकांत शास्त्री, चेयरमैन, जियोस्पेशियल डेटा प्रमोशन एंड डेवलपमेंट कमेटी( अनुराग सिंह, सीईओ, एसआईआईसी और पीयूष मिश्रा, सीओओ और सीएफओ, एसआईआईसी शामिल थे। प्रो-मणीन्द्र अग्रवाल ने कहा कि 500 से अधिक स्टार्टअप्स को इनक्यूबेट करने का लक्ष्य हासिल करना आईआईटी कानपुर की नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। एसआईआईसी के माध्यम से हम अनुसंधान और वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों के बीच के फासले को कम कर रहे हैं, जिससे उद्यमियों को महत्वपूर्ण समाधान बनाने में मदद मिल रही है। यह उपलब्धि भारत के नवाचार पारिस्थिति की तंत्र में परिवर्तनकारी बदलाव के लिए उत्प्रेरक के रूप में हमारी भूमिका को और मजबूत करती है। उन्होने कहा कि एसआईआईसी का प्रभाव आज केवल इनक्यूबेशन तक सीमित नहीं है। इसके स्टार्टअप्स ने कुल मिलाकर लगभग 12 हजार करोड़ रुपये की वैल्यूएशन हासिल की है, जो उनकी बाजार में विश्वसनीयता को दर्शाता है। एसआईआईसी ने 150 से अधिक महिला-नेतृत्व वाले स्टार्टअप्स को बढ़ावा दिया है, जो समावेशी उद्यमिता के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को दिखाता है।

## करंट लगने से बच्ची की मृत्यु

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के मुठीगंज थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात दुर्गा पूजा पंडाल के पास करंट लगने से बालिका की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि कटघर मोहल्ले की रहने वाली शिवानी (11) दुर्गा पूजा देखने आई थी। इसी दौरान उसने सड़क किनारे लगे एक खंभे को छू लिया जिसमें करंट प्रवाहित हो रहा था। शिवानी काफी देर तक खंभे से चिपकी रही और फिर बेहोश होकर गिर गई। आसपास मौजूद लोग तुरंत उसे नजदीकी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में बच्ची की मौत का कारण करंट लगना बताया गया है।

# पद्मश्री मोहम्मद शाहिद की पत्नी ने परिजनों पर लगाया बदसलूकी का आरोप

शााह टाइम्स ब्यूरो

वाराणसी। वाराणसी में कचहरी से संदहा तक की सड़क को फोर लेन में विस्तारित करने के दौरान स्व-पद्मश्री हॉकी खिलाड़ी मोहम्मद शाहिद के मकान को तोड़े जाने को लेकर कई तरह की खबरें सुर्खियों में हैं। इस बीच स्वर्गीय शाहिद की पत्नी परवीन ने अपने कुछ परिजनों पर बदसलूकी का आरोप लगाया। उनका कहना है कि कचहरी स्थित आवास में उनका परिवार नहीं रहता।

मुआवजा लेकर उन्होंने मकान छोड़ दिया है। आज वह कचहरी स्थित आवास पर कुछ सामान लेने गईं, तो परिजनों ने उनके साथ बदसलूकी की। परवीन ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण के लिए पांच हिस्सेदारों/वारिसों को मुआवजा मिल चुका है।

उनके हिस्से के मकान को तोड़े जाने पर उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। उनको भी मुआवजा मिल चुका है और वो सरकार और प्रशासन के साथ है। रविवार को मुआवजा लेने वाले हिस्सेदारों के हिस्से के मकान को ही तोड़ा गया। हालांकि, बाकी चार हिस्सेदारों ने इस कार्रवाई पर असहमति जताई और मोहम्मद शाहिद के नाम को बदनाम करने की कोशिश की। परवीन के अनुसार, जिन लोगों ने मुआवजा नहीं लिया, वही उन्हें घर में घुसने से रोक रहे हैं। जिला प्रशासन और लोक निर्माण विभाग ने स्पष्ट किया है कि मोहम्मद शाहिद की पत्नी और बच्चे कचहरी गोलघर स्थित आवास में नहीं, बल्कि खजुरी में रहते हैं। शपथ पत्र के माध्यम से स्वतः मकान हटाने की सहमति दी गई थी। मोहम्मद शाहिद के परिवार को इस कार्रवाई पर कोई आपत्ति नहीं है। कार्रवाई केवल उसी हिस्से में की गई है, जिन्होंने मुआवजा स्वीकार किया है, जबकि बाकी हिस्सों को छोड़ दिया गया है।

# नवदंपति ने की आत्महत्या की कोशिश पत्नी की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** लखनऊ में चिनहट थाना क्षेत्र के बुद्ध विहार इलाके में मंगलवार को नवविवाहित दंपति ने आत्महत्या का प्रयास किया। पत्नी ने फांसी लगाकर जान दे दी, जबकि पति ने जहर खा लिया।

गंभीर हालत में अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया, वहीं उसके पति की स्थिति नाजुक बताई जा रही है और उसका इलाज लोहिया अस्पताल में किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, मृतका की पहचान नजमा के रूप में हुई है, जो अंबेडकरनगर की रहने वाली थी। उसका पति शमीम बाराबंकी जिले का निवासी है और विभूतिखंड क्षेत्र में दर्जी का काम करता है। दोनों की शादी आठ महीने पहले हुई थी और वे बुद्ध विहार में किराए के मकान में रह रहे थे। इंस्पेक्टर चिनहट ने बताया कि रात करीब दो बजे सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मौके पर नजमा का शव फंदे से उतारा हुआ मिला। उसी दौरान जानकारी मिली कि उसके पति शमीम ने भी जहर खा लिया है।

# विजयदशमी पर 68 किमी की दूरी तय करेगी राम शोभायात्रा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आनुषांगिक संगठन के रूप में शामिल राष्ट्रीय उत्सव एवं पर्व समिति द्वारा विजयदशमी के मौके पर दो अक्टूबर को 68 किमी की श्रीराम शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा लखनऊ शहर के 151 चौराहों से होकर गुजरेगी, जहां पर चौराहा समितियों द्वारा भव्य स्वागत एवं आतिशबाजी की जाएगी।

मंगलवार को यात्रा के बारे में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान जानकारी देते हुए राष्ट्रीय पर्व एवं उत्सव समिति के अध्यक्ष ललित श्रीवास्तव ने बताया कि विजयदशमी के दिन यह यात्रा प्रतीक स्थल से शुरू होकर गोमती नगर, इन्दिरा नगर, विकास नगर, अलीगंज, कपूरथला, श्री हनुमान सेतु, केजीएमसी, चौक, ठाकुरगंज, बालागंज, बुद्धेश्वर मंदिर, अवध चौराहा, आलमबाग, चारबाग, हजरतगंज, राजभवन, 1090 चौराहा और समता मूलक मार्ग से होती हुई पुनः अपने गंतव्य तक पहुंचेगी।

यात्रा में दोपहिया और चारपहिया वाहनों का विशाल काफिला शामिल रहेगा, जो नगरवा. सियों के लिए आस्था और भव्यता का अप्रतिम दृश्य प्रस्तुत करेगा। श्रीवास्तव ने बताया कि शोभायात्रा के स्वागत हेतु नगर के 151 प्रमुख चौराहों को विशेष रूप से सजाया जा रहा है। चौराहा समितियां विभिन्न स्थलों पर यात्रा का अभिनंदन पुष्पवर्षा और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से करेंगी। लगभग 100 से अधिक स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा यात्रा का स्वागत किया जाएगा। इस अवसर पर एक भव्य रथ भी शोभायमान रहेगा, जिसमें भगवान श्रीरामलला विरा. जमान होंगे और समूची यात्रा का आकर्षण केंद्र बनेंगे। उन्होने कहा कि इस वर्ष शोभायात्रा का महत्व और भी बढ़ जाता है क्योंकि यह आयोजन संघ शताब्दी वर्ष के पुण्य अवसर पर संपन्न हो रहा है। इस विशेष वर्ष ने कार्यकर्ताओं और श्रद्धालुओं के उत्साह को दोगुना कर दिया है। साथ ही, यात्रा मार्ग के 15 प्रमुख चौराहों पर 'पंच परिवर्तन' विषय पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन और सांस्कृतिक जागरण का संदेश देगी। मीडिया प्रभारी शिवांक रमन ने बताया कि यात्रा के समापन स्थल पर संघ प्रदर्शनी का भी आयोजन होगा, जिसके माध्यम से लखनऊवासी संघ की विचारधारा, कार्यशैली और सामा. जिक योगदान को निकट से समझ सकेंगे। उल्लेखनीय है कि इस शोभायात्रा में केवल राजधानी ही नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश के 21 जिलों का प्रतिनिधित्व भी होगा, जिससे यह आयोजन राज्यव्यापी एकता और उत्सव का स्वरूप लेगा। राष्ट्रीय पर्व एवं उत्सव समिति के मिलन प्रमुख ऋषि राज जैन ने बताया कि शोभायात्रा को सफल और अनुशासित बनाने हेतु अनुशासन और सुरक्षा की संपूर्ण व्यवस्था की गई है।

# पैरवी कर लौट रहे फरियादियों पर हमला

**भदोही।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय से सोमवार को मुकदमें की पैरवी कर ट्रेन से वापस लौट रहे फरियादी व गवाह पर सराय-कंशराय स्टेशन के पास कुछ लोगों ने हमला कर घायल कर दिया।

जीआरपी जंधई के सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि प्रयागराज संगम-गाजीपुर सिटी मेमू पैसेंजर ट्रेन में एक सनसनीखेज वारदात सामने आई। इलाहाबाद कोर्ट से तारीख देखकर घर लौट रहे हरदुआ निवासी बाबूराम यादव और उनके गवाह भागीरथी गौतम पर कुछ लोगों द्वारा हमला कर दिया गया। हमले में दोनों को गंभीर चोटें आई हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले की जांच की जा रही है। बताया जाता है कि यह घटना प्रयागराज-वाराणसी रेल खंड पर उग्रसेनपुर रेलवे स्टेशन के पास हुई। जहां न्यायालय से मुकदमें की पैरवी कर वापस लौट रहे फरियादी व उसके गवाह दोनों को हमलावरों ने बुरी तरह पीटा। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। बेहोशी की हालत में दोनों को सरायकंसराय रेलवे स्टेशन पर उतारा गया। सूचना पर पहुंची जंधई जीआरपी ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भानीपुर में भर्ती कराया है।

